# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन—247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 317/07 /प्रशा0/MSU/2025–26 दिनांक : 14-5-25

सेवा में,

प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

विषय – विश्वविद्यालय का नाम महाविद्यालय मुख्य द्वार, लेटर हेड एवं इत्यादि पर लिखने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के संलग्न पत्र संख्या –1353/प्रशा0/MSU/2022–23, दिनांक 03.09.2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, महाविद्यालय नाम के साथ सम्बद्ध माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर लिखने एवं विश्वविद्यालय से पत्राचार करते समय लेटर हेड पर माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर लिखने हेतु निर्देशित किया गया था, किन्तु अभी भी अधिकांश महाविद्यालयों के मुख्य द्वार एवं लेटर हेड पर सम्बद्ध विश्वविद्यालय का नाम पैतृक विश्वविद्यालय चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ उल्लेख किया जा रहा है यह स्थिति खेदजनक है। जिस पर मा0 कुलपति महोदया द्वारा गहरी अप्रसन्नता व्यक्त की गई है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, महाविद्यालय के मुख्य द्वार एवं लेटर हेड पर सम्बद्ध विश्वविद्यालय का नाम माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर लिखते हुये मुख्य द्वार का फोटो एवं लेटर हेड की एक प्रति अविलम्ब उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में आप द्वारा प्रेषित पत्रों पर विश्वविद्यालय द्वारा विचार नहीं किया जायेगा

संलग्नक – यथोपरि।

भवदीय

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. परीक्षा नियंत्रक।
02. वित्त अधिकारी।
03. उपकुलसचिव।
04. समस्त सहायक कुलसचिव।
05. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।

सहायक कुलसचिव

# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)
Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 1353 / प्रशा0 / MSU / 2022–23 दिनांक : 03/09/2022

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

महोदय / महोदया,

जैसा कि विदित है कि माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर की स्थापना दिनांक : 02 दिसम्बर, 2021 को की जा चुकी है। विश्वविद्यालय का संचालन राजकीय महाविद्यालय, पुँवारका, सहारनपुर से किया जा रहा है। परीक्षा भ्रमण के दौरान यह संज्ञान में आया है कि सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा अपने महाविद्यालय के नाम के साथ अभी भी चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ का उल्लेख किया जा रहा है यह स्थिति खेदजनक है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, महाविद्यालय नाम के साथ सम्बद्ध माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर लिखना अविलम्ब सुनिश्चित करें। साथ ही विश्वविद्यालय से पत्राचार करते समय लेटर हेड पर माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर लिखना भी सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में आप द्वारा प्रेषित पत्रों पर विश्वविद्यालय द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।

भवदीय

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. वित्त अधिकारी।
02. सहायक कुलसचिव।
03. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ

कुलसचिव